कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.co.in
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

क्रमांक / 487 / IQAC / 2020 — धमतरी, दिनांक 19 / 09 / 2020

# ॥ IQAC बैठक सूचना ॥

महाविद्यालय के IQAC समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 23.09.2020**, दिन-बुधवार को समय 12:00 बजे नवीन भवन के स्मार्ट क्लास रूम में समिति की बैठक आयोजित है। उक्त बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**बैठक का एजेण्डा :-**

01. कोविड-19 के सुरक्षा एवं नियमों के परिपालन पर विचार।
02. सत्र 2020-21 में शेष प्रवेश प्रकिया के संबंध में विचार विमर्श।
03. ऑनलाईन अध्यापन की समीक्षा एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षा पूर्व की तैयारी।
04. कोरोना काल में आयोजित वेबीनार एवं कार्यशालाओं में प्राध्यापकों की भागीदारी की जानकारी एकत्रित करने संबंधी।
05. नवनिर्माणः नवीन भवन में रसायनशास्त्र लैब, स्मार्ट क्लास रूम का लोकार्पण एवं मुख्य भवन में स्मार्ट क्लास एवं कन्या छात्रावास के सामने गार्डन निर्माण हेतु प्रस्ताव।
06. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

(प्रो. पी.सी.चौधरी)
IQAC समन्वयक
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

# IQAC समिति
## बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

# ।। IQAC बैठक कार्यवाही विवरण ।।
## दिनांक 23.09.2020

| Agenda | Resolution |
|---|---|
| 01. कोविड-19 के सुरक्षा एवं नियमों के परिपालन पर विचार। | IQAC द्वारा महाविद्यालय प्रशासन से कोविड-19 हेतु आवश्यक सेनेटाईजेशन के योजना के तहत् समस्त विभाग एवं कार्यालय को नियमित सेनेटाईजेशन करते रहने के परामर्श। भवन में प्रवेश के पहले सभी की थर्मल स्केनिंग सुनिश्चित करना, विना मास्क पहने किसी को भी प्रवेश न देने के साथ एक जगह भीड़ जमा न होने का निर्देश दिया गया। |
| 02. सत्र 2020-21 में शेष प्रवेश प्रकिया के संबंध में विचार विमर्श। | विभिन्न कक्षाओं के शेष स्थान हेतु प्रवेश प्रकिया जारी रखते समय कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु प्रवेश प्रभारियों को निर्देश के साथ ही नियमानुसार आरक्षण सहित अन्य निर्देशों के पालन करते हुए प्रवेश प्रकिया संपन्न करने हेतु सुझाव दिया गया। |
| 03. ऑनलाईन अध्यापन की समीक्षा एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षा पूर्व की तैयारी। | सत्र प्रारंभ में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु ऑनलाईन अध्यापन की समीक्षा के साथ-साथ दिनांक 25.09.2020 से प्रारंभ हो रही वार्षिक परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र अपलोड करने एवं उत्तर पुस्तिकाओं के संग्रहण के संबंध में विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों का पालन करने हेतु योजना बनाई गई। |
| 04. कोरोना काल में आयोजित वेबीनार एवं कार्यशालाओं में प्राध्यापकों की भागीदारी की जानकारी एकत्रित करने संबंधी। | कोरोना के कारण सेमिनार एवं कार्यशाला के आयोजन न होने की स्थिति में ऑनलाईन आयोजित वेबीनार एवं कार्यशालाओं में प्राध्यापकों ने भाग लिया है। उसकी विस्तृत जानकारी प्रमाण-पत्रों के साथ एकत्रित करने हेतु निर्देश दिया गया। |
| 05. नवनिर्माणः नवीन भवन में रसायन शास्त्र लैब, स्मार्ट क्लास रूम का लोकार्पण एवं मुख्य भवन में स्मार्ट क्लास एवं कन्या छात्रावास के सामने गार्डन निर्माण हेतु प्रस्ताव। | पूर्व योजना के तहत् नये भवन के प्रथम तल में स्मार्ट क्लास रूम एवं भू-तल स्थित हॉल रसायनशास्त्र प्रयोगशाला का कार्य पूर्ण होने के पश्चात् जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की उपस्थिति में दिनांक 12 जुलाई 2020 को लोकापर्ण का कार्य सम्पन्न हुआ। मुख्य भवन के भू-तल में भूगोल विभाग के समक्ष रूम में स्मार्ट क्लास रूम के निर्माण हेतु महाविद्यालय प्रशासन को योजना बनाकर प्रस्तुत किया गया।<br>महाविद्यालय के सामने गोल गार्डन के अतिरिक्त एक और गार्डन का निमार्ण हेतु योजना प्रस्तुत। कन्या छात्रावास भवन के सामने स्थित जगह का चयन किया गया। |
| 06. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा। | तृतीय चक्र की नैक मूल्यांकन हेतु अंतिम स्तर की तैयारी के बारे में विचार विमर्श किया गया। |

(प्रो. पी.सी.चौधरी)
IQAC समन्वयक
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

# IQAC समिति
# बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ।। कार्य निष्पादन रिपोर्ट ।।
## दिनांक 23.09.2020

| Agenda | Action Taken Report |
|---|---|
| 01. कोविड-19 के सुरक्षा एवं नियमों के परिपालन पर विचार। | • महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कोविड-19 से बचाव एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए IQAC के परामर्श पर प्रतिदिन महाविद्यालय के समस्त संकायों, एवं स्टॉफ रूम, ग्रंथालय, खेल विभाग, कार्यालय एवं सम्पूर्ण परिसर में सेनेटाइजर का छिड़काव किया गया, साथ ही शासन के निर्देशानुसार मास्क की अनिवार्यता, सोशियल डिस्टेंसिंग के पालन हेतु समस्त स्टॉफ को जागरूक किया एवं बैनर, पोस्टर इलेक्ट्रानिक डिस्प्ले के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं , पालकों एवं जन सामान्य को जागरूक किया गया। |
| 02. सत्र 2020-21 में शेष प्रवेश प्रकिया के संबंध में विचार विमर्श। | • समस्त प्रवेश प्रभारियों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के एकेडमिक कैलेण्डर का कड़ाई से पालन करने , सीटों के आरक्षण के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न करने एवं रिक्त सीटों को नियमानुसार पूर्ण किया गया। |
| 03. ऑनलाईन अध्यापन की समीक्षा एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षा पूर्व की तैयारी। | • स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में Online अध्यापन की प्रतिदिन सघन निरीक्षण एवं समीक्षा Online Class Monitoring प्रभारी के माध्यम से की गयी।<br>• 25.09.2020 से प्रारंभ हुई वार्षिक परीक्षा के समस्त विषयों के प्रश्न पत्रों को संबंधित तिथि को नियत समय से आधे घण्टे पूर्व महाविद्यालय की वेबसाइट में प्रतिदिन अपलोड कराया गया साथ ही केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की Email- Id के माध्यम से एवं प्रत्येक कक्षा के छात्र-छात्राओं के Whatsapp ग्रुप के माध्यम से भी प्रश्न पत्रों को प्रेषित किया गया।<br>• विश्विद्यालय के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए उत्तर पुस्तिका का संग्रहण किया गया। |
| 04. कोरोना काल में आयोजित वेबीनार एवं कार्यशालाओं में प्राध्यापकों की भागीदारी की जानकारी एकत्रित करने संबंधी। | • सत्र 2020-21 की अवधि में महाविद्यालय के प्राध्यापकों का FDP, Workshop, Webinar में सहभागिता से संबधित प्रमाण पत्रों का संग्रहण किया गया। संकलित जानकारी का समूहीकरण करते हुए विश्लेषण किया गया। 09 प्राध्यापकों ने Refresher course में सहभागी बनें । एक प्राध्यापक ने Induction Programme में सहभागिता दी। कोरोना महामारी के कारण सेमीनार, संगोष्ठी एवं कार्यशाला के स्थान पर आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय वेबीनार में प्राध्यापकगण सम्मिलित हुए। |


| | |
|---|---|
| 05. नवनिर्माण: नवीन भवन में रसायन शास्त्र लैब, स्मार्ट क्लास रूम का लोकार्पण एवं मुख्य भवन में स्मार्ट क्लास एवं कन्या छात्रावास के सामने गार्डन निर्माण हेतु प्रस्ताव। | • पूर्व योजना के अनुरूप 12.07.2020 को नये भवन के प्रथम तल में स्मार्ट क्लास रूम एवं भूतल स्थित हाल में रसायन शास्त्र प्रयोगशाला का लोकार्पण महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की उपस्थिति में किया गया।<br>• महाविद्यालय के मुख्य भवन के भू-तल में भूगोल विभाग के सन्निकट स्मार्ट क्लास रूम का समस्त प्राध्यापकों की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया।<br>• पूर्व योजना के अनुरूप महाविद्यालय के कन्या छात्रावास के सामने जनभागीदारी समिति की स्वीकृति से गार्डन का निर्माण कार्य विधिवत प्रारंभ किया गया। |
| 06. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा। | • प्राचार्य एवं नैक प्रभारी के द्वारा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों को नैक की सातों कंडिकाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए नैक के कार्यों में प्रगति लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। |

प्राचार्य
Principal
B.C.S. Govt. P. G. College
Dhamtari (C.G.)

IQAC Co-ordinator
IQAC Co.-ordinator
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.co.in
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

# IQAC Meeting Photographs
# Date- 23/09/2020




Google
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG College Rd, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat N 20° 42' 31.212"
Long E 81° 31' 45.7716"
23/09/20 04:02 PM


Google
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG College Rd, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat N 20° 42' 31.212"
Long E 81° 31' 45.7716"
23/09/20 04:02 PM